बहुदिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के लिए हुई राज्य स्तरीय बैठक

श्रीगंगानगर @ फाइटर. बधिरान्ध तथा बहुदिव्यांग बच्चों के हितों के संरक्षण तथा इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं उन्हें मिलने वाली सरकारी व सामाजिक सुविधाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से राजस्थान स्टेट नेटवर्क एवं स्टेकहोल्डर्स की दो दिवसीय मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।

सेन्स इंटरनेशनल इंडिया तथा मुकुल माधव फाउंडेशन के सहयोग से नवचेतना सोसायटी द्वारा आयोजित राजस्थान स्टेट एडवोकेसी विजिट एवं बैठक में सेन्स इंटरनेशनल इंडिया की टेक्निकल टीम के सदस्यों ने विशेष रूप से मौजूद रहकर अपनी सहभागिता निभाई।

नवचेतना बहुदिव्यांग संस्थान संस्थापक ओम बवेजा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन नवचेतना सोसायटी के तत्वावधान में बधिरान्ध बहुदिव्यांग बच्चों, उनके अभिभावकों और सेन्स इंडिया की टीम ने एक विशेष एडवोकेसी विजिट की।